## सिंगोड़ी के निजी स्कूल की अमानवीय हरकत, परीक्षा कक्ष से निकाले गए मासूम, अभिभावक ने कलेक्टर से लगाई गुहार

# फीस बकाया पर बच्चों को परीक्षा से रोका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

**एक निजी स्कूल ने फीस जामा नही होने के कारण बच्चों के भविष्य से खिलवाड़: परीक्षा कक्ष से बाहर निकाला, पीड़ित पालक ने कलेक्टर से शिकायत की। शिक्षा के अधिकार और मानवीय संवेदनाओं को ताक पर रखकर सिंगोड़ी स्थित सनब्राइट निजी स्कूल द्वारा बकाया फीस के चलते मासूम बच्चों को वार्षिक परीक्षा से वंचित करने का मामला सामने आया है।**

पीड़ित अभिभावक ने इस संबंध में मंगलवार को सुनवाई में जिला कलेक्टर छिंदवाड़ा को शिकायती पत्र सौंपकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। सिंगोड़ी निवासी पीड़ित राकेश साहू ने बताया कि उनके दो बच्चे कक्षा केजी एक और कक्षा क्लास दो में सनब्राइट कॉन्वेंट स्कूल, सिंगोड़ी में अध्ययनरत हैं। सोमवार, 23 मार्च को जब बच्चे वार्षिक परीक्षा देने स्कूल पहुँचे, तो स्कूल प्रबंधन ने उन्हें केवल इसलिए परीक्षा में बैठने से रोक दिया क्योंकि उनकी कुछ फीस बकाया थी।




### अभद्रता और धमकी का आरोप

शिकायतकर्ता राकेश साहू का आरोप है कि स्कूल संचालक शांतनुदास गुप्ता और बीबी को स्कूल में शिक्षक है ने न केवल बच्चों को परीक्षा से वंचित किया बल्कि मेरे साथ भी फीस के पैसों के लिए अभद्रता की। वही पीड़ित का कहना है कि उन्हें और उनके बच्चों को स्कूल से बाहर निकाल दिया गया। इतना ही नहीं, शिकायत करने पर बच्चों की टी.सी. न देने की धमकी भी फोन पर दी जा रही है। जबकि शासन के स्पष्ट निर्देश हैं कि किसी भी छात्र को फीस बकाया होने के आधार पर परीक्षा देने से नहीं रोका जा सकता। अभिभावक राकेश साहू ने कहा, मैंने स्कूल प्रशासन से निवेदन किया था कि मैं जल्द ही बकाया राशि जमा कर दूँगा, लेकिन उन्होंने एक न सुनी। मेरे मासूम बच्चों को परीक्षा कक्ष से बाहर निकालना उनके मनोबल को तोड़ने जैसा है। इस पूरे मामले को लेकर मंगलवार जन सुनवाई में राकेश ने जिला कलेक्टर से मांग की है कि संबंधित स्कूल प्रबंधन के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाए। तथा बच्चों को परीक्षा में बैठने की अनुमति दी जाए और जो पेपर छूट गए हैं उन्हें दोबारा आयोजित करने के निर्देश दिए जाएं।

### पूर्व में भी इस स्कूल की कई अनिमित्ताए बाहर आ चुकी है

सिंगोड़ी स्थित सन ब्राइट स्कूल की पूर्व में कई अनिमित्ताए बाहर आ चुकी है,को एक ही दुकान से कापी पुस्तकों की बिकवाने की बात हो या आईटीई के बच्चों से परीक्षा फीस का मामला हो सहित अन्य मामले कई बार सामने आ चुके है जिसकी शिकायत कई बार हो चुकी है मगर स्कूल संचालय पर अब तक कोई उचित कार्रवाई नहीं हुई। वही बताया जाता है की यह स्कूल शराब दुकान के पास और नेशनल हाइवे और स्टेट हाइवे के संचालित होता है जिसमें स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों के लिए डर का भी खतरा हमेशा बना रहता है।

## सुहागले पूजा कर की सुख समृद्धि की कामना



**न्यूटन / परासिया** :- न्यूटन पुलिस चौकी के समीप स्तिथ दुर्गा मंदिर में स्थानीय महिलाओं ने सुहागले पूजा का आयोजन किया। जिसके अंतर्गत पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की। यह आयोजन रामनवमी के अवसर पर किया गया। यहां मंदिर में प्रतिदिन महिलाओं के द्वारा भजन कीर्तन का आयोजन भी किया जा रहा है। सुहागले कार्यक्रम में नीतू विश्वकर्मा, ज्योति बन्देवार, कामना सोनी, अनीता जायसवाल, सुनीता डेहरिया, पिंकी साहू, डाली सोनी, सोनू मालवी, नेहा मालवी, बुलबुल हरडे, तारा जायसवाल, प्रभा जायसवाल और दीपाली साहू शामिल हुईं।

## 27 मार्च को रामनवमी, निकलेगी भव्य शोभायात्रा



**पांढुर्णा।** नगर के श्रीराम मंदिर गुजरी चौक से लगभग 51 वर्षों से श्रीरामनवमी महोत्सव पर भव्य शोभायात्रा निकलती आ रही है। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी शुक्रवार दिनांक 27 मार्च 2026 को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान रामचंद्रजी का प्रागट्य उत्सव मनाया जा रहा है। इस दिन सुबह 7 बजे श्रीराम प्रभु की मंगलारती होगी। इसके तुरंत बाद श्रीराम नाम सरकार (स्तंभ) का मस्तकाभिषेक तथा ठीक 9 बजे श्रीराम नाम सरकार की आरती होगी। इसके बाद सुबह 10 बजे से पंडित संतोष महाराज शर्मा का प्रवचन होगा। दोपहर ठीक 12 बजे श्रीराम प्रागट्य उत्सव आरती प्रसाद होगा। इसके बाद शाम 7 बजे की दर्शनारती के बाद भव्य शोभायात्रा नगर भ्रमण के लिए भगवान श्रीराम दरबार का रथ निकलेगा। मंदिर आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं से शोभायात्रा के रास्ते में भगवान के स्वागत के लिए सडा- सिंचन, रंगोलिया, बंधन द्वार, तोरण स्वागत द्वार, अपने-अपने घरों के सामने दीपक लगाने तथा शोभायात्रा में अधिकाधिक संख्या में झांकियां शामिल करने की अपील की है।

## चैत्र नवरात्रि की धूम श्री राम मंदिर में होगा भव्य श्री राम जन्मोत्सव एवं विशाल भंडारा

**सिंगोड़ी।** श्री राम मंदिर दुर्गा मंदिर एवं मरही माता मंदिर की आकर्षक रूप से की गई विशेष साज सज्जा सिंगोड़ी, 9 दिवसीय चैत्र नवरात्रि के शुभ अवसर पर सिंगोड़ी सहित आसपास क्षेत्र में माता के विशेष जगराता किये जा रहे हैप्रातः काल से ही मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ देखी जा रही है ग्राम के श्री राजराजेश्वरी देवी दुर्गा मंदिर में प्रतिदिन संकीर्तन के साथ माता रानी का जगराता बड़े ही आस्था और श्रद्धा के साथ किया जा रहा हैग्राम के दुर्गा मंदिर मरही माता मंदिर में भक्तों के द्वारा मनोरथ कलश रखे गए हैं जिसकी पूजा प्रतिदिन पुजारी के द्वारा की जा रही है सुबह शाम मंदिरों में भक्तों के द्वारा पूजन आरती भी की जा रही है श्री रामनवमी पर्व को लेकर भी धर्माव लंबियों में भारी जोश देखा जा रहा है श्री रामनवमी पर्व को देखते हुए श्री राम मंदिर में भव्य एवं सुंदर आकर्षक सजावट की गई है गर्भ ग्रह में भगवान श्री राम सहित संपूर्ण दरबार को विशेष रूप से सजाया गया है जिले एवं प्रदेश से संगीत कलाकारों के द्वारा रामनवमी के विशेष अवसर पर श्री राम मंदिर सिंगोड़ी में दोपहर 12:00 विराट रूप से भव्य जन्मोत्सव की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है जन्मोत्सव के तुरंत बाद दोपहर 1:00 बजे से विशाल भंडारा सिंगोड़ी ग्राम वासियों के लिए रखा गया है श्री राम मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष मोहित साहू ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य श्री राम जन्मोत्सव एवं विशाल भंडारा सिंगोड़ी के श्री राम मंदिर में संपन्न होगा।



# पेंच नदी पुल के नीचे अज्ञात महिला का शव मिलने से सनसनी, हत्या की आशंका

## कम पानी में डूबने पर सवाल, कलाई पर 'प्रणिता' नाम बना पहचान का आधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

मंगलवार करीब तीन बजे सिंगोड़ी चौकी क्षेत्र के अंतर्गत पेंच नदी पुल के नीचे एक अज्ञात महिला का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही अमरवाड़ा एसडीओपी कल्याणी वरकडे थाना प्रभारी राजेन्द्र धुर्वे और सिंगोड़ी चौकी प्रभारी पंकज राय मौके पर पहुँचे और हर पहलू से मामले की जांच में जुटे रहे। वही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिए हैं, ज्ञात हो कि जिस स्थान पर महिला का शव मिला है, वहां वर्तमान में पानी का स्तर काफी कम है।

ग्रामीणों के बीच यह चर्चा का विषय बना हुआ है कि नदी में इतना पानी ही नहीं है जिसमें डूबने से किसी की मौत हो सके। घटना स्थल पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों और ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि महिला की कहीं और हत्या कर शव को साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से नदी में फेंका गया है। हालांकि, पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होने की बात कह रही है।

### पहचान के लिए प्रणिता नाम का सहारा

सिंगोड़ी चौकी प्रभारी पंकज राय ने बताया कि मृतक महिला की उम्र करीब 30 वर्ष और कद 4.5 फीट है महिला शादीशुदा है जिसकी मांग में सिंदूर और गले में मंगलसूत्र है। सबसे महत्वपूर्ण पहचान चिन्ह महिला के दाएं हाथ की कलाई पर हिंदी में गुदा हुआ प्रणिता नाम है। महिला ने गहरे हरे रंग की साड़ी और हरा ब्लाउज पहना हुआ है। इस मामले में मृतक महिला का सुराग देर रात नही लगा।



## पार्षद चौहान ने आंगनबाड़ी में बच्चों को प्रदान किए प्रमाण पत्र

**छिंदवाड़ा।** विद्यारंभ समारोह हुआ आयोजित मध्यप्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी पहल की गई है। राज्य के 6 साल तक के बच्चों को अब'विद्यारंभ प्रमाण-पत्र' दिया जा रहा है। इसके लिए प्रदेश में पहली बार आंगनवाड़ी के बच्चों का'विद्यारंभ समारोह'आयोजित किया गया है। छिंदवाड़ा नगर पालिक निगम के वार्ड 42 में आज 2 आंगनबाडियों में बच्चों को पार्षद जनसेवक संदीपसिंह चौहान बच्चों का स्वागत कर प्रमाण पत्र वितरित किए। भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी और पार्षद संदीपसिंह चौहान ने कहा किविद्यारंभ प्रमाण-पत्र पहल से न केवल बच्चों की शैक्षणिक यात्रा में निरंतरता सुनिश्चित होगी बल्कि समुदाय में आंगनवाड़ी केंद्रों के प्रति विश्वास और सहभागिता भी बढ़ेगी। इससे बच्चों का स्कूल से जुड़ाव मजबूत होगा और भविष्य में ड्रॉपआउट दर कम करने में भी मदद मिलेगी।इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पूर्णिमा पवार, सुनीता सूर्यवंशी आंगनबाड़ी सहायिका नीलू निर्मलकर, मुकेश यदुवंशी, गणेश सेंगर,गुड्डू साखरे सहित वार्ड के बच्चों के माता-पिता उपस्थित थे।




## खेड़ापति मंदिर शक्ति पीठ में रखे 521 मनोकामना ज्योति कलश

**दमुआ।** प्रसिद्ध प्रचीन श्री श्री खेडापति माता मंदिर दमुआ में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर भक्त श्रद्धालुओं के द्वारा माता के दरबार में 521 मनोकामना ज्योति कलश रखे गये है खास बात तो यह है कि माता के दरबार में रखे गये मनोकामना ज्योति कलश मां ज्वाला जी की ज्योत से प्रज्जवलित किये गये है माता की महिमा इतनी निराली है कि मां अपने भक्तो की हर एक मनोकामना पूर्ण करती है इस चल रहे नवरात्र में चारो ओर अलौकिक माहोल देखते ही बनता है। श्री खेडापति माता मंदिर भक्तो की आस्था का ऐसा केन्द्र है कि प्रातः काल भोर होते ही भक्तगण सुबह से ही माता को जल चढ़ाने पूजा पाठ करने उपासना करने वाले भक्तजनों का तांता लगा रहता है। मां के प्रति भक्तो की आस्था दिन प्रतिदिन बढ रही है और माता रानी अपने भक्तो का विशेष ध्यान रखती है और मनोकामना भी पूर्ण करती है। माता का अष्टमी पूजन एवं हवन दिनांक 26 मार्च दिन गुरूवार, कन्या भोज भण्डारा दिनांक 27 मार्च दिन शुक्रवार को तथा कलश जवारे विर्सजन, कलश यात्र 28 मार्च दिन शनिवार को निकाली जावेगी।



## दुकानदारों को दी गई चेतावनी, निर्धारित स्थान पर ही रखें सामान




**छिंदवाड़ा।** गर निगम आयुक्त श्री सी.पी. राय के निर्देशानुसार शहर में अतिक्रमण हटाने एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए योजना शाखा द्वारा बुधवार को विभिन्न स्थानों पर अनाउंसमेंट किया गया। इस दौरान बड़बन चर्च के सामने, नागपुर रोड स्थित चन्दनगांव माता मंदिर बस स्टैंड, अमित ठेगे चौक, टाउन हॉल के आसपास, पोस्ट ऑफिस के सामने तथा बुधवारी बाजार और मिर्ची बाजार क्षेत्र में दुकानदारों एवं ठेला-व्यवसायियों को समझाइश दी गई। नगर निगम की टीम ने सभी दुकानदारों, फल-फ्रूट विक्रेताओं और ठेला संचालकों को निर्देशित किया कि वे अपना सामान निर्धारित स्थान पर ही रखें और सड़क एवं सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण न करें।

## एचपी गैस के लिए सुबह 5 बजे से लगी कतारे, गैस पर फूटा गुस्सा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

सौसर नगर में एचपी गैस के लिए लोग परेशान हो रहे हैं। गैस के लिए सुबह 5 से मोक्षधाम के सामने महिला युवाओं बुजुर्गों एवं बच्चों ने ने लाइन लगाकर गैस सिलेंडर की गाड़ी का इंतजार किया, इस दौरान लोगों के द्वारा यहां पर सिलेंडर नहीं मिलने को लेकर आक्रोश व्यक्त किया, मामले की जानकारी मिलने के बाद में विधायक विजय चौरे ने कांग्रेस साथियों के साथ में मौके पर पहुंचकर उपभोक्ताओं से चर्चा की साथ ही गैस सिलेंडर की शिकायत को लेकर एसडीएम एवं उच्च अधिकारियों से चर्चा की।मिली जानकारी के अनुसार विगत 20 दिनों से सौसर क्षेत्र में एचपी के सिलेंडर नहीं मिलने के चलते एचपी गैस एजेंसी के खिलाफ लोगों में गुस्सा बढ़ गया है। सौसर क्षेत्र में छिंदवाड़ा से एचपी गैस के सिलेंडर लाकर बांटे जाते हैं परंतु विगत 25 दिनों से गाड़ी नहीं आई है,जिसके चलते गैस की समस्या बढ़ गई है,सिलेंडर नहीं मिलने को लेकर नाराज उपभोक्ताओं ने एजेंसी संचालक पर एसडीएम सिद्धार्थ पटेल के सामने जमकर आरोप लगाए।

## कलेक्टर, एसपी, जिपं, ओव्हर ब्रिज, जिला भाजपा कार्यालय का वर्चुअली भूमिपूजन

### भाजपाई समेत आमजन सीएम द्वारा जिला मुख्यालय की उपेक्षा से नाखुश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा



जिला के मुख्यालय के प्रमुख शासकीय कार्यालयों एवं कुछ अन्य महत्वपूर्ण निर्माणकार्यों का भूमिपूजन प्रदेश के मुख्यमंत्री महोदय द्वारा मुख्यालय से केवल 35 किमी दूर जामसांवली से किया जाना शहरवासियों को नागवार गुजर रहा है। यह ठीक है कि हनुमान लोक का लोकार्पण एक महत्वपूर्ण समारोह है, ऐसा भी हो सकता था कि, मुख्यमंत्री महोदय पांढुर्णा नगर में किसी एक स्थान पर छोटे से कार्यक्रम में जिला मुख्यालय के सभी प्रमुख शासकीय कार्यालयों और अन्य निर्माणकार्यों का भूमिपूजन एक साथ कर लेते।

### शहर में अब तक नहीं पधारे सीएम

इसके पहले या बाद में अपना अधिकतम समय जामसांवली के हनुमान लोक लोकार्पण समारोह में देते। यहां उल्लेखनीय है कि, नवगठित जिला पांढुर्णा में कलेक्टर, जिला पुलिस अधिक्षक, वर्षा से प्रतीक्षित अमरावती रोड का रेलवे ओव्हर ब्रिज, जिला भाजपा कार्यालय तथा संभवतः जिला पंचायत कार्यालय पांढुर्णा का भूमिपूजन कल 26 मार्च गुरूवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव हनुमान लोक जामसांवली से वर्चुअली करने जा रहे है। यहां उल्लेखनीय है कि, इसके पूर्व मुख्यमंत्री महोदय 2 बार जिले में पधारे है लेकिन शहर में उनका एक भी कार्यक्रम नहीं रखा गया। जिले के अनेक भाजपा नेता मुख्यमंत्री महोदय के इस एकतरफा सौंसर प्रेम से नाखुश है। पांढुर्णा तहसील के भाजपा नेताओ, कार्यकर्ताओं के साथ सौंसर एवं नांदनवाडी के भी कुछ भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के मन में यह बात घर कर गई है कि, सौंसर के प्रभावशाली भाजपा नेता अपने प्रभाव का इस्तेमाल मुख्यमंत्री महोदय को सिर्फ सौंसर क्षेत्र में कार्यक्रम और दौरे पर ले जाने के लिए करते है।

# प्रधानमंत्री आवास योजना में अनियमितता का आरोप

## जुन्नारदेव एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

जुन्नारदेव विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत जुन्नारदेव विशाला में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को आवास आवंटन न होने का मामला अब गरमाता जा रहा है। सोमवार को जिला युवा कांग्रेस महासचिव रितिक चौहान के नेतृत्व में ग्रामीणों ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को एक ज्ञापन सौंपकर इस समस्या के त्वरित निराकरण की मांग की है।

### पात्र परिवारों की अनदेखी का आरोप

एसडीएम को सौंपे गए पत्र में बताया गया कि जुन्नारदेव जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली आदिवासी बहुल ग्राम पंचायत जुन्नारदेव विशाला में वर्तमान समय में आवास योजना का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों को नहीं मिल रहा है। शिकायत में कहा गया है कि यहाँ रहने वाले आर्थिक रूप से कमजोर और गरीब आदिवासी परिवार आज भी पक्के मकानों की सुविधा से वंचित हैं, जबकि सरकार द्वारा गरीबों को पक्के मकान उपलब्ध कराने के बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं।

### मुख्यालय में ही अव्यवस्था पर उठाए सवाल

ज्ञापन में इस बात पर विशेष चिंता व्यक्त की गई है कि यह ग्राम पंचायत विकासखंड मुख्यालय पर स्थित है, जहाँ जनपद पंचायत कार्यालय और अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) जैसे महत्वपूर्ण प्रशासनिक कार्यालय संचालित होते हैं। प्रशासन की नाक के नीचे होने के बावजूद पात्र परिवारों को उनके अधिकारों से वंचित रखना प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

### उग्र आंदोलन की चेतावनी

युवा कांग्रेस और ग्रामीणों ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि इस मामले में शीघ्र कार्यवाही कर पात्र हितग्राहियों को आवास आवंटित नहीं किए गए, तो आने वाले समय में जनहित में उग्र आंदोलन किया जाएगा। इसकी समस्त जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी।इस अवसर पर रितिक चौहान (महासचिव, जिला युवा कांग्रेस) सहित महेश कुमरे, संजय नरे, ब्रजलाल कुमरे, संदीप बटके, अनिल कुमरे, चंदन कुमरे और विष्णु पाल सकोरे जैसे कई स्थानीय नागरिक और कार्यकर्ता उपस्थित रहे अरुण ईवंनाती निलेश दीपक आतिश धुर्वे पीयूष यादव अयांन धीरज साहू संजू धुर्वे अजय धुर्वे नेहाल धुर्वे चेतन सक्षम एवं स्थाई निवासी सारे उपस्थित थे।

## कागजों में सिमटी निगरानी, चौकियों पर ताले और जमीन पर बढ़ते अपराध

# तामिया रेंज में वन संपदा पर संकट: अवैध उत्खनन, कटाई और लापरवाही से उजड़ते जंगल


हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

तामिया रेंज की वर्तमान स्थिति को दुर्भाग्यपूर्ण ही कहा जाएगा, जहां पिछले लगभग चार वर्षों से लगातार नए-नए वन अपराध सामने आ रहे हैं। जंगलों की सुरक्षा और संरक्षण के लिए जिम्मेदार तंत्र की निष्क्रियता के चलते यहां प्राकृतिक संसाधनों का खुला दोहन हो रहा है।

नदी-नालों से अवैध रेत उत्खनन जिस तेजी से बढ़ा है, वह यह संकेत देता है कि मानो इस क्षेत्र में वन विभाग की मौजूदगी केवल कागजों तक सीमित रह गई है।तामिया उप वन मंडल में कैंपा मद के तहत लगाए गए हजारों पौधों की स्थिति भी चिंताजनक है। आज हालात यह हैं कि इन पौधों में से बहुत कम ही जीवित बचे हैं, जिन्हें उंगलियों पर गिना जा सकता है। इससे साफ अंदाजा लगाया जा सकता है कि अन्य बीटों में पौधारोपण की स्थिति कितनी बदहाल होगी।

वहीं, क्षेत्र के सरई के घने जंगलों में भी तेजी से कटाई होने की खबरें लगातार सामने आ रही हैं, जिससे वन संपदा को भारी नुकसान पहुंच रहा है।वन संपदा के नुकसान का सही आकलन करना भी मुश्किल है, क्योंकि पेड़-पौधे अनमोल होते हैं और उनका मूल्य केवल आर्थिक नहीं बल्कि पर्यावरणीय भी होता है। इसके बावजूद तामिया रेंज में वन संपत्ति की हानि के कई मामले सामने आते रहते हैं। इन घटनाओं की एक बड़ी वजह यह मानी जा रही है कि वनकर्मियों की उपस्थिति जंगलों में नहीं, बल्कि सिर्फ दस्तावेजों में दर्ज है।जानकारी के अनुसार, रेंजर के करीबी नाकेदार अपनी-अपनी वन चौकियों में रहना अपनी जिम्मेदारी नहीं समझते।

यदि कोई इन चौकियों के आसपास नजर दौड़ाए तो स्थिति खुद बयां हो जाती है—कई चौकियों पर नाम तक नहीं लिखा है और आसपास कचरा तथा घास-फूस फैला हुआ है। यह लापरवाही दर्शाती है कि जब निगरानी ही नहीं होगी तो अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण कैसे संभव होगा।वन संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के कुछ स्पष्ट उदाहरण भी सामने आए हैं। कुआं बादला सर्कल की बांगई बीट में पंचायत द्वारा किए गए वृक्षारोपण क्षेत्र के पास वन सुरक्षा के लिए लगाई गई फेंसिंग की जाली कई मीटर तक चोरी हो चुकी है।



### शिकायत दर्ज नहीं करना विभागीय लापरवाही को करता है उजागर

हैरानी की बात यह है कि इस गंभीर मामले की अब तक कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई, जो विभागीय लापरवाही को उजागर करता है।इसी तरह, पिछले वर्ष जलाऊ लकड़ी डिपो के पास स्थित विभागीय भवन की छत पर लगी प्रोफाइल शीट को भी उखाड़कर ले जाने की चर्चा रही। इसके अलावा, कैंपा मद के पौधों की सुरक्षा के लिए लगाए गए गेट को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया है, जो मौके पर साफ देखा जा सकता है।हाल ही में वन विभाग की संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का एक और मामला सामने आया है। सांदीपानी स्कूल परिसर के पास वन भूमि से लगे क्षेत्र में निर्माण कार्य चल रहा है। आरोप है कि ठेकेदार ने निर्माण कार्य से निकली मिट्टी को मुनारा क्रमांक 457 के पास लगी फेंसिंग पर डाल दिया, जिससे जाली और खंभे दबकर क्षतिग्रस्त हो गए। यह कार्य स्पष्ट रूप से वन अधिनियम के खिलाफ है, क्योंकि वन भूमि के पास निश्चित दूरी तक निर्माण या सामग्री का भंडारण प्रतिबंधित होता है।

### आने वाले पीढ़ियों को भुगतना पड़ सकता है खामियाजा

इन तमाम घटनाओं से यह स्पष्ट होता है कि तामिया रेंज में वन संरक्षण के नियम केवल कागजों में ही सीमित रह गए हैं। जब मुख्यालय के आसपास ही इस तरह की लापरवाही और नुकसान के मामले सामने आ रहे हैं, तो जंगलों के अंदरूनी हिस्सों की स्थिति का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। जरूरत इस बात की है कि वन विभाग इन मामलों को गंभीरता से ले, जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों पर कार्रवाई करे और क्षेत्र में सख्त निगरानी व्यवस्था लागू करे। अन्यथा, तामिया के जंगल धीरे-धीरे अपने अस्तित्व को खोते चले जाएंगे, जिसका खामियाजा आने वाली पीढ़ियों को भुगतना पड़ेगा।

## लगभग 12 दिनों से पानी नहीं मिलने से आक्रोशित है वार्डवासी

# पानी को लेकर वार्डवासियों ने दिया धरना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

परासिया वार्ड 1 और 2 के वासियों ने नपा कार्यालय का घेराव कर धरना दिया । सभापति और इंजीनियर की समझाईश और आश्वासन के बाद धरना समाप्त हुआ । इस घेराव और धरने में कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष , नेता प्रतिपक्ष और पार्षद भी शामिल हुए ।परासिया में पानी की समस्या दिनों - दिन विकराल होती जा रही है । यहां 10 से 12 दिनों के अंतराल में भी पानी मिलना मुश्किल हो रहा है ।

इस समस्या से निपटने के लिए परिषद की ओर से केवल बैठकें , जल स्त्रोतों का निरिक्षण , नदी का भ्रमण की किया जा रहा है । यह आरोप कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष कमल राय का है । वहीं नेता प्रतिपक्ष वीर बहादुर का कहना है , कि परासिया में भाजपा की परिषद बनने के बाद से हर साल गर्मियों में पानी की कमी नहीं होने देने के खोखले दावे किए जाते रहे हैं , और इसके नाम पर करोड़ों रूपये खर्च कर दिए गए ,जबकि हर साल गर्मी आते ही लोगों को पानी की विकराल समस्या का सामना करना पड़ता है । वार्ड वासी मोंटी खान ने बताया , कि उनके वार्डों में 12 दिन के बाद भी पानी सप्लाई नहीं हुआ । कुछ दिन पहले वार्ड वासियों ने आवाज उठाई थी तब इंजीनियर ने आकर दो दिनों में पानी सप्लाई होने की बात कही थी , लेकिन सप्लाई नहीं हुई , विवश होकर वार्ड वासियों को नगर पालिका आकर धरना देना पड़ा । पार्षद सावित्री वर्मा ने कहा , कि न्यूटन पेंच नदी में करोड़ों खर्च कर एनीकट बनाया गया , उसके बावजूद पानी बह गया , जिससे जाहिर है , कि केवल कमीशन खोरी के चक्कर में इतना पैसा खर्च किया गया । अभी अमृत 2 योजना के तहत मंधान डेम से पाइपलाइन विस्तार का काम भी अधूरा पड़ा है , अगर परिषद सही में पानी की समस्या हल करना चाहती तो अब तक पाइपलाइन का कार्य पूरा हो चुका होता । वार्ड वासियों ने भी जमकर अपना आक्रोश जाहिर किया ।

## सरपंच के नेतृत्व सौंपा ज्ञापन, रेप पीड़िता के लिए मांगा न्याय

**परासिया :-** ग्राम पंचायत इकलेहरा की सरपंच साधना दास के नेतृत्व में एस डी एम के नाम ज्ञापन सौंपा गया । जिसमें एक रेप पीड़ित के लिए न्याय मांगा गया है । गौरतलब है , कि बड़कुही पुलिस चौकी में लगभग 3 माह पूर्व एक नाबालिग से बलात्कार किए जाने का मामला आया । जिसके बाद पुलिस ने सम्बंधित पीड़ित का मेडिकल कराया , जिसमें पीड़ित के गर्भवती होने की पुष्टी भी हुई । पीड़ित से इस सम्बन्ध में आरोपी के बारे में जानकारी ली गई , लेकिन पीड़िता के बयान पुलिस के लिए उलझन बने हुए है । पीड़िता के साथ गलत करने वाला आरोपी कौन है , इसका अभी तक पता नहीं चल सका है । पुलिस लगातार इस मामले में जांच कर रही है । पीड़िता और उसके परिवार की आर्थिक स्तिथि बहुत ही दयनीय है । तीन महीने बीत जाने के बाद भी इस मामले में कोई खुलासा नहीं होने से नाराज ग्राम वासी शीला साहू , अनीता साहू , इंद्रा साहू , द्वारका साहू , लक्ष्मी बाई , सुधांशु राज , आदित्य बेलवंशी , आदित्य यादव , राजेश डेहरिया और ग्राम की अन्य महिलाएं और युवा सरपंच साधना दास के साथ एस डी एम कार्यालय पहुंचे , जहां तहसीलदार सुनैना बृहम्हे को एस डी एम के नाम ज्ञापन सौंपा । सरपंच साधना दास ने कहा , कि पीड़िता और उसका परिवार बीते तीन महीनों से बेहद मुश्किल घड़ी से गुजर रहा है । उसके साथ गलत करने वाला आरोपी अभी तक पकड़ा नहीं गया है , ऊपर से पीड़िता और उसके परिवार को बार - बार पुलिस चौकी और कोर्ट लाया जाता है , जिससे उनकी परेशानियां और बढ़ रही है । उनके खाने - पीने की व्यवस्था के लिए महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी को कई बार फोन लगाया गया पर वो फोन नहीं उठाती । सरपंच ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की है , कि पीड़िता और उसके परिवार के लिए प्रशासन सहयोग करें । पंचायत को भी आदेश करें तो वे सरपंच होने के नाते पंचायत से सहयोग दें सकें । वहीं पुलिस भी जल्द से जल्द मामले से जुड़े वास्तविक आरोपी को पकड़े , ताकि पीड़िता को न्याय मिल सके ।



## नगर पालिका ने पेश किया 49.106 रूपए बचत का बजट



**जुन्नारदेव।** नगर पालिका परिषद द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट पेश किया गया। बजट में अनुमानित आय 90 करोड़ 33 लाख 99 हजार 75 रुपए का अनुमानित है। साथी ही अनुमानित खर्च 90 करोड़ 33 लाख 49 हजार 969 का खर्च है। एवं बचत में 49106 का बजट पेश किया गया है ।साथ ही स्थाई दखल के ठेके देने हेतु प्रस्ताव पारित कर ठेके पर देने की स्वीकृति प्रदान की गई। अन्य दो प्रस्ताव में बिलावर डैम का प्रस्ताव पारित किया गया। नगर पालिका के अन्य विकास कार्यों पर परिषद की बैठक में विस्तृत चर्चा की गई। नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई ।बैठक में मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती नेहा धुर्वे ने कार्रवाई को करते हुए परिषद के सम्माननीय सदस्यों को अवगत किया ।बैठक में नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती सोनिया धुर्वे अपील समिति सदस्य सभापति संजय जैन समस्त सभापतियों श्रीमती दीप्ति कांता साहू श्रीमती लता टांडेकर श्रीमती सीमा चौरसिया श्रीमती लक्ष्मी चंद्रवंशी अमित यादव, श्रीमती नीता कुरोलिया , श्रीमती उर्मिला अमरवंशी श्रीमती प्रमिला पाल पार्षद राजेंद्र सूर्यवंशी प्रमोद बंदेवार अरूणेश जायसवाल,सहित सभी पार्षद उपस्थित थे।

## 5 लाख 55 हजार में नीलाम हुआ झुर्रे का साप्ताहिक बाजार

**परासिया :-** जनपद पंचायत परासिया अंतर्गत ग्राम पंचायत झुर्रेमाल का साप्ताहिक बाजार 5 लाख 55 हजार में नीलाम हुआ । यह नीलामी पंचायत कार्यालय में 24 मार्च मंगलवार को हुई । झुर्रे में प्रत्येक बुधवार को लगने वाला साप्ताहिक बाजार की आम नीलामी में कुल 18 बोलीदारों द्वारा बोली लगाई गई । उक्त बाजार नीलामी की सरकारी बोली 3, 92, 000 से शुरू हुई । जिसमें सफल बोलीदार गंगा बारसिया द्वारा 5, 55, 000 रुपये की उच्च बोली लगाकर उक्त बाजार को अपने नाम किया । अन्य बोलीदार राजकुमार सोनी द्वारा 5, 51, 000 की बोली लगाई गई थी । जो कि दूसरे स्थान पर रहे ।



बाजार नीलामी में मुख्य रूप से रविन्द्र खोब्रागडे (सेक्टर प्रभारी जनपद पंचायत परासिया) , कृपालशाह मर्सकोले (जनपद सदस्य) , पिरगिया सरयाम (सरपंच) , अजय प्रताप शाही (उपसरपंच) , सुशील कुमार शुक्ला (सचिव) , प्रकाश सल्लाम (सहायक सचिव) , पूर्व उपसरपंच राजकुमार उर्फ पिंटु सिंह , ग्राम पंचायत पंच बलिकराम परतेती , सेवकराम उइके , सुनील साहनी , सविता बुनकर एवं ग्रामवासियों में लखन चंद्रवंशी , नरेश चंद्रवंशी , योगेश नागरिया , महेश सिंह , बालचन्द मर्सकोले , यश कैथवास , जितेंद्र बंदेवार,ज्ञानी डेहरिया, सियाराम सल्लाम आदि उपस्थित रहे ।

## अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के दूसरे दिन जलवायु परिवर्तन एवं ध्यान आधारित दृष्टिकोणों पर हुआ मंथन

### विधायक सुजीत सिंह चौधरी की गरिमामयी उपस्थिति में विविध तकनीकी सत्र आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिछुआ

शासकीय महाविद्यालय बिछुआ में पर्यावरणीय परिवर्तन, संसाधन प्रबंधन एवं सतत विकासः विकसित भारत 2047 स्थानीय महाविद्यालय में आयोजित द्वि-दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के दूसरे दिन कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक श्री सुजीत सिंह चौधरी की गरिमामयी उपस्थिति में सरस्वती पूजन के साथ हुआ।




प्रथम तकनीकी सत्र में जर्मनी से पधारी अन्नामराई, जर्मन भाषा शिक्षिका एवं प्रेरक वक्ता, ने आत्मसाक्षात्कार एवं दिव्य शक्ति को पर्यावरणीय चेतना से जोड़ते हुए अपने विचार प्रस्तुत किए। इसके पश्चात ऑस्ट्रिया से आए एरिक ने सहजयोग के माध्यम से पर्यावरण संतुलन पर प्रभावशाली व्याख्यान दिया।अगले वक्ता के रूप में डॉ. सुषमा शुक्ला, डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर ने मूलाधार चक्र एवं कुंडलिनी जागरण के संदर्भ में अपने विचार साझा किए। लेबनान की लेबनीस विश्वविद्यालय की प्रोफेसर सुश्री डॉ हाला सुकरियेक ने कृषि में ध्यान एवं उत्पादकता के संबंध पर महत्वपूर्ण व्याख्यान प्रस्तुत किया।कोलकाता विश्वविद्यालय की डॉ. प्रियंका चटर्जी ने तमिलनाडु के धनुषकोडी तटीय क्षेत्र में पर्यावरणीय भेद्यता, पुनर्वास जोखिम एवं आजीविका परिवर्तन पर शोधपरक प्रस्तुति दी।

इसके पश्चात डॉ. अन्वेशा हल्दर ने निम्न गंगा डेल्टा में पारिस्थितिकी तंत्र के माध्यम से पेलियोचैनल आर्द्रभूमि की प्राकृतिक विरासत के रूप में मान्यता पर अपने विचार व्यक्त किए।सत्र के अंत में प्रो. एच. एस. शर्मा ने राजस्थान के संदर्भ में भारत में जलवायु परिवर्तन विषय पर ऑनलाइन व्याख्यान दिया। तकनीकी सत्र का निष्कर्ष प्रो. सतपति एवं प्रो. जे. एल. जैन द्वारा प्रस्तुत किया गया।द्वितीय तकनीकी सत्र में डॉ एस के शुक्ला डॉ हरिसिंग गौर विश्वविद्यालय सागर ने पर्यावरणीय चिंतन एवं समाधान पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। साथ ही देश के कोने कोने से शोधार्थियों ने ऑनलाइन शोध पत्र प्रस्तुत किया। अंतिम समापन सत्र महाविद्यालय प्राचार्य डॉ आर पी यादव के स्वागत भाषण से प्रारंभ हुआ। उन्होंने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया ।

राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर आई पी त्रिपाठी के मुख्य आतिथ्य में अंतिम सत्र सम्पन्न हुआ। उन्होंने अपने उद्बोधन में पर्यावरणीय जन चेतना की बात कही और ऐसे अंतरराष्ट्रीय आयोजनों की प्रशंसा की। अंत में प्रमाण पत्र वितरण और आभार प्रदर्शन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

## सुलभ प्रसाधन के सामने से हटाया गया अस्थाई अतिक्रमण



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** नगर परिषद कटंगी के कर्मचारियों ने पार्षदों की मौजूदगी में मंगलवार की सुबह साढ़े 10 बजे बस स्टेंड स्थित सुलभ शौचालय और स्नानागार के सामने का अस्थाई अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की है। विगत दिनों थाने में आयोजित होने वाली शांति समिति की बैठक में यह विषय प्रशासन के संज्ञान में लाया गया था। दरअसल, सुलभ शौचालय के सामने सड़क पर फल और एक जूते की अस्थाई दुकान लगनी शुरू हो गई थी। जिससे यहां किसी भी दिन बड़ा हादसा होने का अनुमान था। वहीं इन दुकानों के सुलभ प्रसाधन के सामने लगने से लोगों को दैनिक क्रिया के लिए प्रसाधन की ओर आने-जाने में परेशानी हो रही थी। नगर परिषद की इस कार्रवाई का दबी जुबान विरोध भी सुनाई दिया किंतु कोई खुलकर विरोध नहीं कर पाए। इन दुकानों को हटाने के बाद नगर परिषद के ऊपर वहीं सवाल उठने लगे कि क्या केवल चुनिंदा अस्थाई अतिक्रमण पर ही कार्रवाई करनी है या पूरे शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाना है। बता दें कि बीते दिनों नगर परिषद में पीआईसी की बैठक हुई इस बैठक में भी अतिक्रमण हटाने को लेकर प्रस्ताव रखा गया था। हालांकि इस पर चर्चा हुई या नहीं यह सार्वजनिक नहीं हो पाया है।

## बोटेझरी व पुसुटोला में चल रही 7 दिवसीय भागवत कथा

**वारासिवनी।** जनपद पंचायत वारासिवनी के ग्राम बोटेझरी और ग्राम पुसुटोला एकोड़ी में सात दिवसीय सार्वजिनिक श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। ग्राम बोटेझरी में परम पूज्य धर्माचार्य प्रमुख श्री बालमुकुंद जी महाराज और ग्राम पुसुटोला में आचार्य मनजीत कृष्ण शास्त्री जी द्वारा कथा वाचन किया जा रहा है। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य इंजीनियर विक्रम देशमुख और साथीगण धर्म लाभ लेने दोनों कार्यक्रमों में उपस्थित हुए। इस मौके पर आयोजन समिति के सदस्यों द्वारा श्री देशमुख का धर्म दुपट्टा पहना कर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान श्री देशमुख ने धर्माचार्यो का आशीर्वाद ग्रहण किया और श्रीमद् भागवत कथा के आधुनिक परिवेश में जीवनयापन में कथा की उपयोगिता और महत्व पर प्रकाश डाला।

## कृतज्ञता और निःस्वार्थ दान जीवन के दो दुर्लभ गुणः भंते यश थेरो

# उरुवेला बुद्ध विहार में भंते यश थेरो की धम्मदेसना का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

श्रीलंका की प्रसिद्ध महामेवना बौद्ध मोनेस्ट्री के पूज्य भंते यश थेरो जी के प्रवास से पूरा बालाघाट धम्ममय हो गया। स्थानीय अर्पित भवन, बूढ़ी स्थित उरुवेला बुद्ध विहार में आयोजित भव्य धम्मदेशना कार्यक्रम में भंते जी ने त्रिपिटक के सार और भगवान बुद्ध के वचनों के माध्यम से मानवता को शांति और सुख का मार्ग दिखाया।कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 11:30 बजे बूढ़ी से एक विशाल धम्म रैली के साथ हुआ। रथ और सैकड़ों बाइकों के साथ निकली इस रैली ने बस स्टैंड और कालीपुतली चौक का भ्रमण किया। अंबेडकर चौक पर भंते जी ने संविधान निर्माता डॉ. बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। जय स्तंभ होते हुए रैली अर्पित भवन पहुंची, जहां पुष्प वर्षा के साथ उनका आत्मीय स्वागत किया गया।




**धम्मदेशना के मुख्य अंशः**अपनी मधुर वाणी में धम्मदेशना देते हुए भंते यश थेरो जी ने जीवन की पीड़ाओं के निवारण हेतु महत्वपूर्ण सूत्र बताए:दुर्लभ गुणः उन्होंने कहा कि संसार में दो गुण अत्यंत दुर्लभ हैं—पहला कृतज्ञता (Gratitude) और दूसरा बिना किसी अपेक्षा के दान देना।

**माता-पिता की सेवाः** भंते जी ने माता-पिता को 'श्रेष्ठ पुण्यक्षेत्र' बताते हुए उनके प्रति सदैव कृतज्ञ रहने का आह्वान किया।

**सत्संग का महत्वः** उन्होंने जोर दिया कि सत्पुरुषों की संगति ही मनुष्य को सन्मार्ग पर ले जाती है। एक सज्जन व्यक्ति हमेशा दूसरों के सद्गुणों की प्रशंसा करता है, जबकि दुर्जन केवल अवगुण देखता है।

**आर्य उपोसथः** चर्चा के दौरान उन्होंने 'आर्य उपोसथ' के आध्यात्मिक लाभों और इसके पालन की विधि पर भी प्रकाश डाला।

जिज्ञासा समाधान और ध्यानधम्मदेशना के पश्चात भंते जी ने उपस्थित श्रद्धालुओं के प्रश्नों के उत्तर दिए। उन्होंने 'अनुकूल स्थान पर निवास', 'जन्म-पुनर्जन्म' और 'देवलोक' जैसे गूढ़ विषयों की सरल व्याख्या की। कार्यक्रम के अगले चरण में भंते जी ने सभी को सामूहिक ध्यान (Meditation) कराया और मंगल मैत्री के साथ वातावरण को सकारात्मक ऊर्जा से भर दिया।

प्रतिभावान बच्चों का सम्मान और संघदान कार्यक्रम के अंत में उपस्थित उपासकों के सहयोग से विधि-विधान के साथ संघदान संपन्न हुआ। इस अवसर पर समाज के प्रतिभावान बच्चों को भंते जी के कर-कमलों से पुरस्कृत कर आशीर्वाद प्रदान किया गया। आयोजन समिति के अध्यक्ष वसंत वागदे ने कार्यक्रम की सफलता पर सभी सहयोगियों और श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया। अंत में भंते जी ने सभी के पुण्य कर्मों का अनुमोदन करते हुए मंगल कामना की।

# संकल्प से समाधान अभियान बना किसानों के लिए संजीवनी

## लांजी में तृतीय चरण शिविर में लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण, प्रशासन की सक्रियता से ग्रामीणों को राहत

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** मध्य प्रदेश शासन के महत्वाकांक्षी "संकल्प से समाधान" अभियान के तहत जनपद पंचायत लांजी परिसर में आयोजित तृतीय चरण का शिविर किसानों और ग्रामीणों के लिए राहत का बड़ा माध्यम बनकर उभरा। 22 मार्च को आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कृषकों ने अपनी समस्याएं रखीं, जिनका मौके पर ही निराकरण किया गया।यह अभियान 12 जनवरी से 31 मार्च 2026 तक चार चरणों में संचालित किया जा रहा है। तृतीय चरण (16 से 26 मार्च) के अंतर्गत विकासखंड स्तर पर शिविर लगाकर लंबित आवेदनों एवं नई शिकायतों का त्वरित समाधान किया जा रहा है। लांजी में आयोजित इस शिविर में प्रशासन की तत्परता स्पष्ट रूप से देखने को मिली।

**किसानों की समस्याओं का मौके पर समाधान:**शिविर में खासतौर पर किसानों से जुड़े प्रकरणों- जैसे फसल नुकसान, राजस्व संबंधी विवाद, पीएम किसान योजना, खाद-बीज उपलब्धता- को प्राथमिकता दी गई। ग्राम पंचायत एवं क्लस्टर स्तर से आए लंबित आवेदनों को चिन्हित कर उनका त्वरित निराकरण किया गया।जो प्रकरण प्रथम चरण (15 फरवरी) और द्वितीय चरण (16 मार्च) तक लंबित थे, उन्हें इस चरण में विशेष प्राथमिकता देकर निपटाया गया। इससे किसानों में संतोष और प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ा है।

**अधिकारियों को सख्त निर्देश, हर पात्र हितग्राही को मिले लाभ:**कार्यक्रम के दौरान जनपद पंचायत लांजी के सीईओ रामगोपाल यादव ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पात्र हितग्राही को योजनाओं का लाभ समय पर मिले। उन्होंने कहा कि "संकल्प से समाधान अभियान का उद्देश्य आमजन, विशेषकर किसानों की समस्याओं का त्वरित और पारदर्शी समाधान सुनिश्चित करना है।" उन्होंने अधिकारियों को संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए प्रत्येक आवेदन पर गंभीरता से कार्रवाई करने के निर्देश दिए।





शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे, जिन्होंने आमजन से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और तत्काल निराकरण किया। इस पहल से ग्रामीणों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर लगाने से मुक्ति मिल रही है। "संकल्प से समाधान" अभियान प्रशासन और जनता के बीच मजबूत सेतु बनकर उभर रहा है, जिससे शासन की योजनाएं धरातल पर प्रभावी रूप से लागू हो रही हैं और किसानों को वास्तविक लाभ मिल रहा है।

## पीत वस्त्रों में सजी महिलाओं ने निकाली भव्य घट यात्रा

# दिगंबर जैन मंदिर में 125 वर्षों बाद ऐतिहासिक वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव का शंखनाद

### आज दिव्य जिनबिंब स्थापना और महामस्तकाभिषेक के साथ होगा समापन

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** स्थानीय श्री 1008 महावीर जिनालय में 125 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद आयोजित हो रहे वेदी प्रतिष्ठा महामहोत्सव के शुरुआती दो दिनों में समूचा नगर भक्ति और उल्लास के रंग में सराबोर नजर आया। पूज्य मुनि श्री 108 नीरज सागर जी महाराज एवं पूज्य मुनि श्री 108 निर्मद सागर जी महाराज के पावन सानिध्य में आयोजित इस उत्सव के पहले दो चरणों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।



महोत्सव का शुभारंभ सोमवार को देव आज्ञा, ध्वजारोहण और घट यात्रा के साथ हुआ। आयोजन का मुख्य आकर्षण पीले रंग के मांगलिक वस्त्रों में सजी महिलाओं की भव्य घट यात्रा रही। सिर व हाथों में मंगल कलश धारण कर कतारबद्ध चलती श्राविकाओं और जय महावीर के जयघोष से वातावरण गुंजायमान हो उठा। वहीं श्रद्धालुओं द्वारा पालकी में श्री जी की प्रतिमा को अपने कंधों पर रखकर नगर भ्रमण किया गया। यह मंगल कलश यात्रा दिगम्बर जैन मंदिर से निकल कर गोलीबार चौक, आंबेडकर चौक, नेहरु चौक, जय स्तम्भ चौक होकर वापस उसी मार्ग से होते हुए मंदिर पहुँची। जहाँ पर प्रतिष्ठाचार्य बाल ब्रह्मचारी तरुण भैया जी इंदौर एवं पंडित कमल कुमार के निर्देशन में वेदी शुद्धि और मंडप शुद्धि की महत्वपूर्ण क्रियाएं संपन्न की गईं।

महोत्सव के दूसरे दिन मंगलवार को श्री 1008 याज्ञमंडल विधान का भव्य अनुष्ठान किया गया। इसमें बड़ी संख्या में इंद्र-इंद्राणियों ने केसरिया और पीले वस्त्रों में सम्मिलित होकर मंत्रोच्चार के साथ अष्ट द्रव्य के अर्घ्य समर्पित किए। याज्ञ मंडल विधान के दौरान यज्ञ शाला की ऊर्जा देखते ही बन रही थी। मुनिश्री ने अपने प्रवचनों में कहा कि वेदी प्रतिष्ठा का सौभाग्य कई पीढ़ियों के बाद प्राप्त होता है, जो नगर के पुण्य का उदय है।

आयोजक सेठ काँसल परिवार एवं निवेदक दिगंबर जैन पंचायत कमेटी वारासिवनी द्वारा बाहर से आए सैकड़ों अतिथियों के लिए आवास और भोजन की सुचारू व्यवस्था की गई है। आयोजन समिति ने बताया कि 125 साल बाद हो रहे इस ऐतिहासिक महोत्सव को लेकर समाज के युवाओं और बुजुर्गों में भारी उत्साह है।

महोत्सव का समापन बुधवार 25 मार्च को दिव्य जिनबिंब स्थापना और महामस्तकाभिषेक के साथ होगा। 25 मार्च की सुबह से ही भगवान महावीर का अभिषेक और शांति धारा का विशेष आयोजन किया जायेगा, जिसके लिए विशेष तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

## खबर संक्षेप

### कात्यायनी मंदिर बंडोल में षष्ठी पूजन का विशेष महत्व

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी जिला मुख्यालय से 16 किलोमीटर दूर ग्राम बंडोल में स्थित श्री मां योगमाया कात्यायनी सिद्ध पीठ मंदिर है ।यह मंदिर की स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा ब्रह्मलीन जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज द्वारा सन 1995 में की गई ,मां नवदुर्गा के छटवे स्वरूप में मां कात्यायनी देवी की पूजा की जाती है इस मंदिर में विवाह बाधा निवारण एवं सुयोग्य वर प्राप्ति हेतु विवाह योग कन्याएं एवं संतान अभिलाषी दंपति द्वारा विशेष महत्व पूजन अर्चन किया जाता है जिसका विशेष महत्व है बताया जाता है कि इस मंदिर में प्रदेश,देश के अलावा विदेश तक के लोगों की मनोकामनाएं पूर्ण कलश मां के दिव्य भवन में 681 प्रज्वलित है मंदिर के मुख्य अर्चक शास्त्री सतेन्द्र तिवारी द्वारा बताया गया मंदिर में षष्ठी पूजन हेतु शास्त्री राजकुमार दुबे सहित अन्य विद्वान ब्राह्मणों की विशेष व्यवस्था की गई है।

### किक बॉक्सिंगः सिवनी की बालिकाएं नेशनल लीग हेतु चेन्नई रवाना

**सिवनी ।** खेलो इंडिया अस्मिता किकबॉक्सिंग वूमेंस नेशनल लीग 2025–26 में भाग लेने हेतु सिवनी की अनुप्रिया कौरव, ऐश्वर्या ब्रह्मवंशी एवं अनन्या साहू चेन्नई (तमिलनाडु) के लिए रवाना हो रही हैं। तीनों खिलाड़ियों ने इंदौर में आयोजित वेस्ट जोन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर नेशनल लीग के लिए क्वालिफाई किया। 26 से 29 मार्च तक आयोजित इस प्रतियोगिता में ये खिलाड़ी मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी। खिलाड़ी प्रशिक्षक निकेश पद्माकर एवं योगेश नाविक के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण ले रही हैं। निकेश पद्माकर को इस प्रतियोगिता में भी कोच की जिम्मेदारी सौंपी गई है। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों सहित खेल प्रेमियों ने शुभकामनाएँ दी हैं।

### दो बाइक की टक्कर मे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

**सिवनी** जिले के पलारी पुलिस चौकी क्षेत्र में सर्रा टोला ग्राम के पास 23 मार्च की देर रात दो बाइक्स की टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। यह दुर्घटना उस समय हुई जब एक बाइक सवार पलारी से केवलारी की ओर जा रहा था और दूसरा धुटेरा से पलारी की ओर आ रहा था। सर्रा टोला ग्राम के समीप दोनों बाइकें आपस में टकरा गईं। टक्कर से 48 वर्षीय अजय यादव जो किसानी करते हैं, जिनको सिर, हाथ, पैर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। हादसे के बाद मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने तुरंत एंबुलेंस को सूचना दी। एंबुलेंस ने घायल को प्राथमिक उपचार देकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दुर्घटना स्थल पर वाहनों और लोगों का आवागमन काफी अधिक रहता है। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि सडक पर फिसलन, गड्ढे या असंतुलन के कारण यह घटना हुई होगी।

# मांगें पूरी न होने पर प्रदेश के 55,000 सहकारिता कर्मचारी 1 अप्रैल से करेंगे अनिश्चितकालीन हड़ताल

**सहकारिता समिति कर्मचारी महासंघ ने अपनी लंबित मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

महासंघ की जिला इकाई सिवनी द्वारा मुख्यमंत्री और सहकारिता मंत्री के नाम सौंपे गए ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि यदि 25 मार्च 2026 तक उनकी समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ, तो 1 अप्रैल 2026 से प्रदेशव्यापी अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन और काम बंद आंदोलन शुरू किया जाएगा।

### प्रमुख मांगें और मुद्दे

महासंघ के जिलाध्यक्ष बंशीलाल ठाकुर ने बताया कि 22 सितंबर 2025 को विभागीय अधिकारियों के साथ हुई बैठक में मांगों पर सहमति बनी थी, लेकिन आज तक उनका पालन नहीं हुआ है कर्मचारियों की मुख्य मांगें इस प्रकार हैंः वेतन वृद्धिः पैक्स (PACS) सहकारी संस्थाओं के कर्मचारियों को अक्टूबर 2023 से कलेक्टर दर के अतिरिक्त बढ़ा हुआ वेतन और हर माह नियमित भुगतान दिया जाए। बकाया भुगतानः 34 जिलों के विक्रेताओं का पिछले 18 महीनों का ₹54,000 का बकाया भुगतान तत्काल किया जाएपदोन्नति सहायक प्रबंधकों को समिति प्रबंधक के समकक्ष पद पर तय समय-सीमा में पदोन्नत किया जाएपरिवीक्षा अवधि कनिष्ठ विक्रेताओं की परिवीक्षा अवधि समाप्त कर उन्हें पूर्ण विक्रेता का दर्जा दिया जाए।

### आंदोलन का व्यापक असर

यदि यह हड़ताल होती है, तो प्रदेश की 4,523 पैक्स संस्थाएं और 22,500 उचित मूल्य की दुकानें बंद हो जाएं इसमें कार्यरत लगभग 55,000 कर्मचारी (प्रबंधक, लेखापाल, ऑपरेटर, विक्रेता और चौकीदार आदि) शामिल होंगे।

खाद-बीज और ऋण वितरण,समर्थन मूल्य पर फसलों का उपार्जन और कर्जा वसूली

राशन दुकानों से होने वाला खाद्यान्न वितरण सेवाएं प्रभावित होगी।

महासंघ ने स्पष्ट किया है कि मांगों का निराकरण न होने की स्थिति में कर्मचारी जिला स्तर पर टेंट लगाकर बैठने को मजबूर होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन की होगी।

# भव्य रूप से मनाया जाएगा भगवान परशुराम जी का प्राकट्योत्सव

**सोनखार -प्रदीप तिवारी।**

**19 अप्रैल 2026 को भगवान परशुराम जी के प्राकट्य उत्सव एवं मिलन समारोह को भव्य रूप से मनाने की तैयारी में जुटेंगे , विकासखंड केवलारी के ब्राह्मण परिवार।**

विकासखंड ब्राह्मण समाज - केवलारी की मासिक बैठक मां बड़ी खैरमाई मंदिर परिसर में संपन्न हुई । बैठक में उपस्थित ब्लॉक ब्राह्मण समाज संगठन के पदाधिकारियों , सदस्यों तथा अन्य सामाजिक जनों द्वारा 19 अप्रैल 2026 को भगवान श्री परशुराम जी के प्राकट्य उत्सव एवं ब्राह्मण समाज के मिलन समारोह को भव्यता के साथ मनाने हेतु विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत विचार विमर्श किया गया तथा आम सहमति से निर्णय लेकर अंतिम रूपरेखा तैयार की गई । निर्धारित रूपरेखा के अनुसार केवलारी नगर में भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी , जो नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए शाम 6.00 बजे मां बड़ी खैरमाई मंदिर में ही समाप्त होगी । शोभा यात्रा की संपूर्ण जिम्मेदारी युवा शाखा एवं परशुराम वाहिनी को दी गई है । शोभा यात्रा के समापन पश्चात प्रदोष काल में भगवान परशुराम जी का विधि-विधान से पूजन - अर्चन कर प्राकट्योत्सव मनाया जाएगा । विद्वज्जनों के उद्बोधन उपरांत आरती , प्रसाद वितरण एवं सामाजिक सहभोज होगा । कार्यक्रम को भव्य एवं दिव्य बनाने के लिए विकासखंड ब्राह्मण समाज के पदाधिकारी एवं विप्र बंधुओं व भगिनियों के द्वारा केवलारी विकासखंड के समस्त ब्राह्मण परिवारों को घर-घर जाकर सादर आमंत्रित किया जाएगा।

# चाकू लेकर घूमने वाला युवक पुलिस की गिरफ्त में डूण्डासिवनी पुलिस की कार्यवाही

**पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता द्वारा चाकूबाजो के विरुध्द सख्त है चाकूबाजो पर तत्परता से कार्यवाही हेतू निर्देशित किया जाता रहा है साथ ही अपराधियो के विरुध्द भी सख्ती से कार्यवाही हेतू प्रयत्नशील रहते है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं अनु. अधिकारी (पुलिस) सिवनी सचिन परते के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी डूण्डासिवनी चैनसिंह उइके व्दारा उक्त सूचनाओं को गंभीरता से लेते हुये पूर्व में भी सक्रियता से कार्यवाही की जाती रही है।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 23/03/2026 को सूचना प्राप्त हुई कि जनता नगर आईरिस स्कूल के पास एक व्यक्ति मे चाकू लेकर घूम रहा है आम लोगो को डराने धमकाने कि सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए थाना प्रभारी चैनसिंह उइके के नेतृव मे डूण्डासिवनी पुलिस व्दारा घेराबंदी कर जनता नगर चौक के पास व्यक्ति को पकड कर धारदार लोहे का चाकू जप्त करने मे सफलता प्राप्त की है जो आरोपी के विरुध्द अपराध क्रंमाक 139/2026 धारा 25 आर्म्स एक्ट कायम कर विवेचना मे लिया गया है। नाम गिरफ्तार आरोपीः एजाज खान पिता फैयाज खान उम्र 19 साल नि. छोटी मस्जिद चौक थाना कोतवाली जिला सिवनी। जप्तीः- 01. एक लोहे का बकानुमा चाकू । सराहनीय कार्यः निरी. चैनसिंह उइके के नेत्तृव मे सउनि निसार खान, प्र. आर. रणजीत पटले, आर. नितेश राजपूत, विक्रम देशमुख, केसरीनंदन ऐडे।

# गांधी चौक में हुई मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम दरबार की स्थापना





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

हिंदू सनातनी नववर्ष के साथ शक्ति की उपासना का महापर्व चैत्र नवरात्र का शुभारंभ विगत 19 मार्च से प्रारंभ हो चुका है जिसका स्वागत शहर भर में भगवा स्वागत गेट, ध्वज पताका तोरन एवं मंदिरों में घट स्थापना के साथ पूजा-पाठ के साथ लगातार हो रहे हैं। इसी तारतम्य में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नगर के हृदय स्थल गांधी चौक शुक्रवारी में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम जी के दरबार की मूर्ति स्थापना पूरे जोश के साथ हजारों सनातनी बंधुओं की उपस्थिति में जय श्री राम के जय घोष के साथ हो चुकी है साथ ही रात्रि 8 बजे से सुमधुर भजन एवं संगीतमय सामूहिक महाआरती प्रारंभ हो चुकी है प्रथम दिवस सैंकड़ों दीपों की रोशनी से श्री राम दरबार गांधी चौक जगमगा उठा सैकड़ों सनातनियों की उपस्थित होकर आरती का पुण्य लाभ अर्जित किया तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। ज्ञात हो कि प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से शुक्रवारी गांधी चौक प्रांगण में स्थापित श्री राम दरबार में सामूहिक भजन एवं संगीतमय महाआरती का समय निश्चित है इस शुभ अवसर पर नगर के सभी धर्मावलंबियों से इस पुण्य अवसर को अपने जीवन का सबसे आनंदमय अवसर मानकर सपरिवार उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करें।

# शहीद दिवस पर सिवनी में देशभक्ति की लहर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

23 मार्च शहीद दिवस पर भगत सिंह, सुखदेव थापर और शिवराम राजगुरु को DEEPAK JAIHIND TEAM, सिवनी द्वारा श्रद्धांजलि दी गई। टीम लीडर दीपक डेहरिया के नेतृत्व में युवाओं ने पुष्प अर्पित कर नमन किया और देशभक्ति के नारे लगाए। इस अवसर पर रक्तदान शिविर भी आयोजित किया गया, जिसमें कई युवाओं ने भाग लिया। टीम ने शहर में "शहीद चौक" बनाने की मांग उठाई तथा "शहीद स्वच्छता अभियान" की शुरुआत करते हुए हर रविवार सफाई अभियान चलाने का संकल्प लिया।

### स्वस्थ युवा, सशक्त भारत के मंत्र से मजबूत होगा देश

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस सिवनी में उमंग उच्च शिक्षा हेल्थ वेलनेस कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में युवा विद्यार्थियों का उत्साह देखने को मिला. शिविर में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया. कार्यक्रम के नोडल अधिकारी के. सी. राउर ने अपने संबोधन में कहा कि स्वस्थ तन और स्वस्थ मन ही जीवन को उमंग और उत्साह से भरते हैं. संतुलित दिनचर्या अपनाने और स्वस्थ जीवनशैली की ओर अग्रसर होने का संदेश देते हुए कहा कि स्वस्थ युवा, सशक्त भारत के मंत्र से ही भारत विकसित राष्ट्र बन सकता है।

# गोपालगंज में उपयंत्री की लापरवाही, ट्रांसफार्मर बना बड़ा खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

**मंदिर और आंगनवाड़ी के पास 11 केवी लाइन, ग्रामीणों में आक्रोश; अप्रैल में शिफ्टिंग का आश्वासन।**

विद्युत वितरण केंद्र गोपालगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत मोहगांव (सडक़) में लगा विद्युत ट्रांसफार्मर ग्रामीणों के लिए गंभीर खतरा बनता जा रहा है। मंदिर परिसर और आंगनवाड़ी केंद्र के पास स्थापित यह ट्रांसफार्मर दिनभर आने-जाने वाले लोगों, विशेषकर बच्चों के लिए जोखिम पैदा कर रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार, ट्रांसफार्मर मंदिर के बेहद नजदीक स्थित है और उसके ऊपर से 11 केवी की हाईटेंशन लाइन भी गुजर रही है। मंदिर में श्रद्धालुओं का लगातार आवागमन रहता है, वहीं आसपास बच्चे खेलते रहते हैं, जिससे किसी भी समय दुर्घटना की आशंका बनी हुई है।

आगामी नवरात्रि पर्व और शतचंडी यज्ञ जैसे बड़े धार्मिक आयोजनों को देखते हुए स्थिति और भी चिंताजनक हो गई है। इन आयोजनों के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटेगी, जिससे खतरा कई गुना बढ़ सकता है।



ग्रामीणों ने विद्युत विभाग को लिखित आवेदन देकर ट्रांसफार्मर को सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित करने की मांग की है। इस संबंध में मुख्य अभियंता एस.के. गिरिया (जबलपुर) से चर्चा करने पर उन्होंने आश्वासन दिया कि सार्वजनिक स्थान पर खतरे को देखते हुए अप्रैल माह में ट्रांसफार्मर को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट किया जाएगा। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित विभाग की होगी।

ग्रामीणों का आरोप है कि इस गंभीर समस्या को लेकर कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद उपयंत्री जगदीश परिहार द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, जिससे लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

# जिला स्तरीय जनसुनवाई में 199 आवेदन प्राप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

प्रत्येक मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित होने वाली जिलास्तरीय जनसुनवाई कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जनसुनवाई में कुल 199 आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खंडायत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं सभी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जनसुनवाई से जुड़े। जिला स्तरीय जनसुनवाई में, संजय वार्ड सिवनी निवासी कुरेशा बी द्वारा नल कनेक्शन लगाये जाने विषयक, अकबर वार्ड सिवनी निवासी लालसिंह तेकाम द्वारा धारणाधिकार के आवेदन पर अंतिम आदेश पारित किये जाने विषयक, ग्राम बम्हनी बरघाट निवासी लेखेश्वर बिसेन द्वारा राजस्व अभिलेख दुरूस्त कराये जाने विषयक, ग्राम साल्हे कला बरघाट निवासी तामेश्वरी पारधी द्वारा अवैध अतिक्रमण हटाये जाने विषयक, रानी दुर्गावती वार्ड सिवनी निवासी धनीराम बरमैया द्वारा मकान का पट्टा दिलाये जाने विषयक, ग्राम कोहका सिवनी निवासी दिपाशी बघेल एवं अन्य द्वारा निर्मल नीर कूप एवं बोर से पानी दिलाये जाने विषयक, तहसील छपारा अंतर्गत तिलक वार्ड निवासी रामकुमार डहेरिया एवं अन्य द्वारा बंदोबस्त एवं नक्शा सुधार कार्य कराये जाने विषयक, ग्राम मैली बरघाट निवासी आंचन श्रीवास द्वारा विद्युत विभाग द्वारा क्षतिपूर्ति राशि दिलाये जाने विषयक, अंबेडकर चौक सिवनी निवासी राजवीर बर्मन एवं अन्य द्वारा सीमांकन कराये जाने विषयक, ग्राम डोरली छतरपुर निवासी अनुज उइके द्वारा अवैध रूप से हुए अतिक्रमण को हटाये जाने विषयक, तहसील लखनादौन अंतर्गत ग्राम जोबा निवासी शिवराम मरावी द्वारा पट्टा सुधार कराये जाने विषयक, तहसील धनौरा अंतर्गत ग्राम केवलारीखेडा निवसी रामचरण उट्टे द्वारा वृद्धापेंशन का लाभ दिलाये जाने विषयक ग्राम कोडिया बरघाट निवासी ध्यानसिंह मर्सकोले द्वारा सर्पदंश से हुई मृत्यु उपरांत सहायता राशि दिलाये जाने विषयक सहित कुल 199 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार कार्यवाही कर शीघ्र निराकरण किये जाने के निर्देश कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले द्वारा संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिये गये।

# शासकीय योजना, कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन का दैनिक जीवन में नजर आता है सीधा असर- विधायक दिनेश राय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

पिछले कुछ सालों में हम देखते हैं सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से आमजन के जीवन में सीधा असर दिखाई देता है। यह विचार पत्र सूचना कार्यालय, सूचना और प्रसारण मंत्रालय भोपाल द्वारा सिवनी में एक दिवसीय मीडिया वार्तालाप कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक श्री दिनेश राय ने व्यक्त किये। अपने उद्बोधन में श्री राय ने कहा कि सरकार ने सड़क, बिजली, सिंचाई ,कृषि योजनाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय पड़ाव हासिल किए हैं ।इनका असर आमजन के दैनिक जीवन में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है।

उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि पहले सिवनी से भोपाल का सफर बहुत लंबा और दुर्गम माना जाता था। लेकिन अब बेहतरीन हाईवे बन जाने के कारण सिवनी से भोपाल महज कुछ घंटे में पहुंचा जा सकता है। उन्होंने उदाहरण देकर अनेक योजनाओं, कार्यक्रमों के बारे में बताया।

कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि श्री पीयूष दुबे ने केंद्र सरकार की प्रदेश में चलाई जा रही योजनाओं और कार्यक्रमों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की पहल पर किए जा रहे कार्यक्रमों को प्रदेश सरकार द्वारा प्राथमिकता के साथ क्रियान्वित कर आम जन के जीवन को सुगम बनाया जा रहा है।

कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन और उसको लाभ उठाने के विषय में मीडिया आम जनता को जागरूक करती है। मीडिया के सक्रिय सहयोग के कारण ही योजनाओं का क्रियान्वयन बेहतर रूप से हो पाता है, आमजनों तक सूचनाओं के संचार से वह पात्रतानुसार योजनाओं का लाभ उठा पाते है।इसका श्रेय मीडिया को ही जाता है। उन्होंने कहा जिला प्रशासन का सदैव यह प्रयास होता है कि मीडिया के साथ सक्रिय भागिदारी से आमजनों तक शासन की योजनाऐं एवं सकारात्मक कार्य एवं सूचनाओं का प्रसार कर सकें। कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन में पीआईबी भोपाल के निदेशक श्री मनीष गौतम ने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं और कार्यक्रमों के विषय में मीडिया के माध्यम से आम जनता तक सही और सारभूत जानकारी पहुंचाने के उद्देश्य से विभिन्न अंचलों और जिलों में वार्तालाप जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

### बुधवार को कृषि मेले का होगा आयोजन कृषकों को दी जायेगी प्राकृतिक खेती, पराली प्रबंधन सहित अन्य जानकारी

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** उप संचालक कृषि द्वारा बताया गया कि शासन के निर्देशानुसार जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से 25 मार्च को कृषि मेला आयोजित किया जा रहा है। यह मेला म.प्र. राज्य बीज एवं फार्म विकास निगम, नागपुर रोड, सिवनी में आयोजित होगा। इस कृषि मेले में कृषकों को प्राकृतिक खेती, पराली प्रबंधन, फार्मर रजिस्ट्री, ई-विकास प्रणाली एवं कृषक कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत नवीनतम कृषि तकनीकों और आधुनिक कृषि यंत्रों की जानकारी दी जाएगी। मेले में कृषि वैज्ञानिकों द्वारा परिचर्चा आयोजित की जाएगी, जिसके माध्यम से किसानों की खेती से जुड़ी समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाएगा। साथ ही जैविक एवं प्राकृतिक हाट बाजार भी लगाया जाएगा, जहां आगंतुकों को रसायन मुक्त उत्पाद खरीदने का अवसर मिलेगा। कृषि विज्ञान मेले में कृषि विभाग के साथ-साथ अन्य विभाग भी अपने स्टॉल लगाकर तकनीकी जानकारी एवं मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। इसके अतिरिक्त निजी उर्वरक, बीज एवं पौध संरक्षण रसायन विक्रय करने वाली कंपनियां भी अपने स्टॉल के माध्यम से किसानों को उन्नत किस्मों और उर्वरकों की जानकारी देंगी। प्रशासन द्वारा कृषक भाइयों एवं आम नागरिकों से अपील की गई है कि वे इस कृषि मेले में पहुंचकर अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

## अंतर्विभागीय रात्रिकालीन क्रिकेट महोत्सव का भव्य समापन, पावर स्ट्राइकर्स बने चैंपियन

# ईपीएल सीजन 2 में खेल भावना और विभागीय समन्वय का दिखा शानदार प्रदर्शन

# रोमांचक फाइनल में पावर स्ट्राइकर्स ने 8 विकेट से जीता खिताब

**मानव श्रृंखला महिला मैच और पौधारोपण जैसी गतिविधियों ने बढ़ाई आयोजन की गरिमा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ केवलारी।

केवलारी में आयोजित अंतर्विभागीय रात्रिकालीन क्रिकेट महोत्सव ईपीएल सीजन 2 का भव्य समापन जोश और उत्साह के बीच हुआ। फाइनल मुकाबले में पावर स्ट्राइकर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 8 विकेट से खिताब अपने नाम किया। पूरे टूर्नामेंट में खेल भावना आपसी सहयोग और विभागीय समन्वय का अनूठा उदाहरण देखने को मिला। रात के उजाले में जगमगाते मैदान पर खिलाड़ियों के प्रदर्शन ने दर्शकों को रोमांच से भर दिया।

सिवनी/केवलारी। सिवनी जिले के केवलारी में 7 मार्च से प्रारंभ हुआ अंतर्विभागीय रात्रिकालीन क्रिकेट महोत्सव ईपीएल सीजन 2 22 मार्च की रात संपन्न हुआ, जहां फाइनल मुकाबले में पावर स्ट्राइकर्स एमपीईबी केवलारी ने हेल्थ हीरोज को 8 विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया। पूरे आयोजन के दौरान मैदान रोशनी से जगमगाता रहा और बड़ी संख्या में दर्शकों की मौजूदगी ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। आयोजन की शुरुआत में सभी विभागों के अधिकारी और कर्मचारियों द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर एकता का संदेश दिया गया तथा ट्रॉफी का आकर्षक अनावरण किया गया। महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं का सम्मान करते हुए सद्भावना मैच भी आयोजित किया गया। साथ ही भारतीय टीम की विश्व कप जीत का जश्न बड़े पर्दे पर सामूहिक रूप से मनाया गया।



फाइनल मुकाबले में हेल्थ हीरोज ने 90 रन बनाए, जिसके जवाब में पावर स्ट्राइकर्स ने 8.4 ओवर में 2 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। विजयकुमार पंचेश्वर की नाबाद 42 रनों की पारी निर्णायक रही, वहीं राजेन्द्र कुमरे और शशांक चौरसिया ने भी अहम योगदान दिया। टूर्नामेंट में 10 विभागीय टीमों ने भाग लिया और पूरे आयोजन में आपसी समन्वय और भाईचारा देखने को मिला। वन विभाग द्वारा हर डॉट बॉल पर पौधारोपण की पहल के तहत पौधे वितरित किए गए। सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी राजेन्द्र कुमरे, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज एवं विकेटकीपर बंटी सराठे, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज भारत भंवारे और सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर संतोष पाठक को सम्मानित किया गया।

आयोजन की सफलता में एसडीएम महेश अग्रवाल, एसडीओपी आशीष भराडे, तहसीलदार शशांक मेश्राम, जनपद पंचायत सीईओ प्रांजल पाठक, नायब तहसीलदार दीक्षा वासनिक, नायब तहसीलदार राउत साहब सहित सभी विभाग प्रमुखों का योगदान रहा। संतोष पाठक के नेतृत्व में आयोजन समिति ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

समापन अवसर पर नगर परिषद उपाध्यक्ष शिव चौधरी, श्रमजीवी पत्रकार संघ के संभागीय अध्यक्ष मनीष जैन, डॉ. अभिनाश तिवारी, फ्रेंड्स क्लब अध्यक्ष संजीव अवधिया, वरिष्ठ पत्रकार रमाशंकर महोबिया, राकेश आत्मपूज्य, रामशरण प्यासी महराज, सुधीर पांडे, अमित तिवारी, अभय अग्रवाल , निर्मल बघेल, नितिन बघेल, राघव जघेला, राजा सूर्यवंशी, राजा श्रीवास्तव, बाबा भाई, प्रवीण दुबे, वरिष्ठ पत्रकार नीलेश अवधिया, , अशोक बंदेबार, मुकेश चौरसिया, कृष्ण कुमार प्रजापति, स्वप्निल उपाध्याय, विनोद सिसोदिया,बॉबी खान ,संस्कार तिवारी, पारस दुबे, हनी साहू, रामनरेश दुबे, तुषार मसराम, अखिलेश राय, शक्ति शुक्ला, अधिवक्ता पवन यादव, श्रमजीवी पत्रकार संघ अध्यक्ष रफीक खान सहित अन्य पत्रकारों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया गया। आयोजन के दौरान केवलारी को खेलनगरी के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव भी सामने आया।

### प्रचार-प्रसार की कमी डेढ़ लाख से आबादी वाले क्षेत्र से डेढ़ सौ आवेदक भी नहीं पहुंचे

# खानापूर्ति बनकर रहा गया शिविर- ना संकल्प...ना समाधान





हरिभूमि न्यूज कटंगी।

मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार संचालित 'संकल्प से समाधान अभियान' के अंतर्गत मंगलवार को जनपद पंचायत कटंगी परिसर में आयोजित विकासखंड स्तरीय शिविर महज खानापूर्ति बनकर रहा गया। शिविर में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाना था। इसके साथ ही उनकी समस्याओं को सुनकर उनका समाधान करना था किंतु व्यापक प्रचार-प्रसार के अभाव में डेढ़ लाख से अधिक की आबादी वाले विकासखंड कटंगी से 150 आवेदक भी शिविर में नहीं पहुंचे। शिविर में अलग-अलग विभागों के अधिकारियों को आपस में चर्चा करते हुए देखा गया। नगरीय सीमा के एक-दो हितग्राही अधिकारियों को अपनी समस्या सुनाने के लिए पहुंचे किंतु उनकी समस्या का शिविर में निराकरण नहीं हो पाया। दरअसल, इस तरह के शिविर के आयोजन के पीछे शासन का उद्देश्य पात्र व्यक्तियों तक योजनाओं का लाभ समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पहुंचाना है। मगर, कटंगी में आयोजित विकासखंड स्तरीय शिविर खानापूर्ति के लिए आयोजित हुआ। शिविर में एसडीएम के.सी.ठाकुर, जनपद पंचायत सीईओ गायत्री कुमार सारथी, नगर परिषद सीएमओ राधेश्याम चौधरी, परियोजना अधिकारी पुष्पेन्द्र रानाड़े सहित अन्य विभागों के अधिकारी और ग्राम पंचायतों के पंचायत सचिव रोजगार सहायक मौजूद रहे।

बता दें कि जनपद पंचायत कटंगी में 18 ग्राम पंचायतें शामिल है और इन ग्राम पंचायतों के अधीन करीब 113 गांव शामिल है। इन सभी गांवों में डेढ़ लाख से भी अधिक की आबादी निवास करती है। हर गांव में कई तरह की छोटी-बड़ी समस्याएं व्यापत है। इन समस्याओं का निराकरण अधिकारियों के द्वारा किया जा सकता है। मगर, जब इस तरह के शिविर आयोजित होते है तो ग्रामीणों को इसकी जानकारी नहीं दी जाती है। शिविर में पहुंचे पंचायत सचिव आपस में यह चर्चा करते हुए सुनाई दिए कि अगर यह शिविर पंचायत में आयोजित होता तो शायद इससे भी जितनी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी और पंचायत सचिव उससे अधिक ग्रामीण अपनी शिकायतें लेकर आते। खैर, कटंगी में आयोजित शिविर में ना कोई संकल्प दिखा और ना ही समस्या लेकर पहुंचे इक्का-दुक्का लोगों की समस्या का समाधान नहीं हो पाया। शिविर के समापन पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने अलग-अलग विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को एक फार्म देकर उनसे जानकारी मांगी और इसके साथ ही शिविर समाप्त हो गया।

गौर करने वाली बात है कि संकल्प से समाधान अभियान के तहत प्रत्येक व्यक्ति को उसकी पात्रता के अनुसार सरकार की योजनाओं से लाभान्वित करने का प्रयास किया जा रहा है ऐसे दावे हो रहे है। इस अभियान के तृतीय चरण में विकासखंड स्तर पर कटंगी में शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में प्राप्त आवेदनों का अधिकारियों द्वारा निराकरण किया जाना था लेकिन ऐसा कोई शिविर आयोजित हो रहा हैं इसकी जानकारी ग्रामीणों तक नहीं पहुंचाई गई। गांव तो छोड़ति तहसील मुख्यालय में तक नागरिकों को इस शिविर की कोई भनक नहीं लगी। अधिकारियों ने मनमुताबिक टेंट लगाया तस्वीर खिंचवाई और शिविर संपन्न हो गया।

# अवैध रेत खनन पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, 4 ट्रैक्टर जब्त, अस्थायी पुल किया ध्वस्त



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण पर रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाए हैं। मंगलवार 24 मार्च 2026 को खनिज निरीक्षक बसंत कुमार पाटिल एवं कोतवाली पुलिस बल बालाघाट द्वारा सुबह संयुक्त रूप से ग्राम कुम्हारी, खैरी एवं भटेरा क्षेत्रों में आकस्मिक जांच अभियान चलाया गया।

उप संचालक खनिज सुश्री फरहत जहां ने बताया कि जांच के दौरान तीन ट्रैक्टरों को अवैध रूप से रेत का परिवहन करते हुए पकड़ा गया। ग्राम कुम्हारी में बिना नंबर का ट्रैक्टर चालक बालचंद लिल्हारे (निवासी खुरसोड़ी) के कब्जे से जब्त किया गया। वहीं ग्राम खैरी में बिना नंबर का ट्रैक्टर, जिसका मालिक अंकित बघेले (निवासी खैरी) बताया गया, अवैध परिवहन करते पाया गया। ग्राम भटेरा में भी बिना नंबर का ट्रैक्टर चालक टिकेश (निवासी भटेरा) को रेत का अवैध परिवहन करते हुए पकड़ा गया।

इसके अलावा तहसील किरनापुर के ग्राम मंगोली खुर्द स्थित वैनगंगा नदी में अवैध रेत उत्खनन करते हुए एक ट्रैक्टर (MP 50 ZB 0976) को भी जब्त किया गया। उक्त वाहन चालक भोजू राउत (निवासी लिंगमारा) बताया गया है। चारों वाहनों को जब्त कर कलेक्टर कार्यालय की खनिज शाखा परिसर में सुरक्षित रखा गया है। संबंधित आरोपियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण का निवारण) नियम 2022 के तहत आगे की कार्रवाई की जा रही है।

इसी दौरान प्रशासन ने मंगोली खुर्द में बैनगंगा नदी पर अवैध रेत उत्खनन के लिए बनाए गए अस्थायी पुल को ग्राम सरपंच एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में क्षतिग्रस्त कर दिया। इस कार्रवाई का उद्देश्य भविष्य में अवैध खनन को रोकना बताया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं की समस्याओं का होगा समाधान : विधायक भगत



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

**परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक को गत दिवस आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने अपनी लंबे समय से लंबित मांगों और कार्य संबंधी कठिनाइयों को विस्तार से रखते हुए शीघ्र समाधान की मांग की।**

प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को टी.एच.आर. (टेक होम राशन) की राशि पिछले लगभग दो वर्षों से प्राप्त नहीं हुई है, जिससे उन्हें आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि लंबित राशि का तत्काल भुगतान कराया जाए। इसके साथ ही कार्यकर्ताओं ने यह भी कहा कि उनसे अन्य विभागों के कार्य न कराए जाएं, क्योंकि इससे उनके मूल कार्य प्रभावित होते हैं।

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि टी.एच.आर. के परिवहन (ढुलाई) का कार्य भी कार्यकर्ताओं से कराया जा रहा है, जिसे तत्काल बंद किया जाना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह कार्य उनके दायित्वों के अंतर्गत नहीं आता और इससे अतिरिक्त बोझ बढ़ रहा है। इसके अलावा भीषण गर्मी को देखते हुए अप्रैल 2026 से आंगनवाड़ी केंद्रों का समय सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक निर्धारित करने की मांग की गई।

कार्यकर्ताओं ने तकनीकी समस्याओं की ओर भी ध्यान आकर्षित करते हुए बताया कि वे पहले से ही 'संपर्क ऐप' और 'पोषण ट्रैकर ऐप' पर कार्य कर रही हैं, जिसमें हितग्राहियों की उपस्थिति दर्ज है। इसके बावजूद बालाघाट जिले में कलेक्टर द्वारा शुरू किया गया नया ऐप अत्यंत जटिल है, जिससे कार्य में बाधा उत्पन्न हो रही है। उन्होंने इस नए ऐप को तत्काल बंद करने की मांग की। विधायक मधु भगत ने ज्ञापन का गंभीरतापूर्वक अध्ययन करने के बाद प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि वे स्वयं इस विषय को प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं संबंधित विभागीय मंत्री के समक्ष प्रमुखता से उठाएंगे। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं जमीनी स्तर पर समाज के सबसे महत्वपूर्ण वर्गों के लिए कार्य करती हैं, उनका योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है।

उन्होंने आगे कहा कि कार्यकर्ताओं को मिलने वाला आर्थिक सहयोग उनके कार्य की तुलना में बहुत कम है, इसलिए उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाना आवश्यक है। विधायक ने भरोसा दिलाया कि सभी मांगों पर सकारात्मक पहल करते हुए जल्द से जल्द उचित कार्रवाई सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा।


### उचित मूल्य दुकान के खाद्यान्न की अवैध खरीदी का मामला

## परसवाड़ा में जब्त किया गया 6.50 क्विंटल खाद्यान्न




**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट जिले के किरनापुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम परसवाड़ा में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (PDS) के खाद्यान्न की अवैध खरीदी का मामला सामने आया है। किरनापुर के कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी मिलन तिवारी ने 24 मार्च 2026 को मिली गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई कर 6.50 क्विंटल खाद्यान्न जब्त किया है।उचित मूल्य दुकान के हितग्राहियों से किसी अन्य व्यक्ति द्वारा खाद्यान्न खरीदी किये जाने की सूचना प्राप्त होने पर कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी मिलन तिवारी द्वारा ग्राम परसवाड़ा निवासी राजेश पांचे के घर का निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान उसके घर में 4.50 क्विंटल चावल एवं 2 क्विंटल गेहूं पाया गया, जो कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत वितरित किए जाने वाला खाद्यान्न था। मौके पर ही उक्त कुल 6.50 क्विंटल खाद्यान्न को जब्त कर उचित मूल्य दुकान परसवाड़ा की विक्रेता श्रीमती सीमा मरठे की सुपुर्दगी में दे दिया गया। प्रशासन द्वारा इस मामले में प्रकरण दर्ज कर लिया गया है और आगे की कार्रवाई के लिए प्रकरण कलेक्टर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के खाद्यान्न के दुरुपयोग या अवैध व्यापार में संलिप्त पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## भव्या पैथोलॉजी लैब बिरसा के संचालक पर एफआईआर दर्ज करने के निर्देश



**बालाघाट।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप ने बिरसा के खण्ड चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया है कि अनाधिकृत रूप से नियम विरूद्ध पैथोलाजी लैब का संचालन करने के कारण भव्या पैथोलॉजी लैब एवं कनेक्शन सेंटर बिरसा के संचालक श्री ढालसिंह चौधरी के विरूद्ध थाने में एफआईआर दर्ज कराये और उसकी प्रति जिला कार्यालय को उपलब्ध कराये। उल्लेखनीय है कि जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. ऋत्विक पटेल के नेतृत्व में गठित दल द्वारा 08 मार्च 2026 को आकस्मिक निरीक्षण के दौरान श्री ढालसिंह चौधरी द्वारा अनाधिकृत रूप से नियम विरूद्ध पैथोलॉजी लैब का संचालन किया जाना पाया गया था।

## टेकाडीघाट में 31 मार्च को बाबा ताजउद्दीन औलिया का सालाना उर्स मुबारक



हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।

खैरलांजी तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम टेकाडीघाट में कौमी एकता के प्रतीक हजरत बाबा सैय्यद मोहम्मद ताजउद्दीन औलिया का दो दिवसीय सतावीसवां सालाना उर्स मुबारक का आयोजन 30 ,31 मार्च को होगा। बताया गया की 30 मार्च गुरुवार को बाबा ताजउद्दीन औलिया के चिल्ला शरीफ पर गुसल, फातिहा, परच कुशाई व विधि विधान अनुरूप पूंजन किया जाएगा तथा 31 मार्च मंगलवार को 2 बजे बाबा के आस्ताने से शंदल शरीफ निकालकर गांव का गस्त करते हुए बाबा ताजउद्दीन औलिया के आस्ताने में वापस पहुंचकर कर चादर फातिहा पेश कर लंगर तकसीम किया जाएगा और दरबार के खादिम के द्वारा सबके अमन-चैन व सुख समृद्धी के लिए दुंआ की जाएगी । जिसके बाद रात्री 9 बजे में दुय्यम कव्वाली की शानदार प्रस्तुती दि जाएगी, जिसमे कव्वालकार अदनान अजीम नाजा मुबंई ( टीवी वी.सी.डी. सिंगर) एंव कव्वाला अरशीया नाज़ बैंगलोर (टी.वी.वा.सी.डी. सिंगर )के द्वारा सुफयाना कव्वाली पेश की जाएगी।

## जीरो डोज कार्यक्रम के तहत ग्राम मंगेझरी में महिला समूहों को टीकाकरण की दी जानकारी



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** एसएचजी ओरिएंटेशन (टीकाकरण में सहयोग हेतु अपील) मंगेझरी गांव में स्व सहायता समूह (एसएचजी) की महिलाओं के साथ एक ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बताते हुए LEHS - WADHWANI-AI के ब्लॉक समन्वयक श्रीमती सुनीता कटरे जी एवं हिमांशु कुर्वे के द्वारा महिलाओं को टीकाकरण के महत्व के बारे में जागरूक करना एवं उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना था।ओरिएंटेशन के दौरान महिलाओं को बताया गया कि वे गांव में टीकाकरण अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। उन्हें घर-घर जाकर गर्भवती महिलाओं एवं 0–5 वर्ष तक के बच्चों को टीकाकरण के लिए प्रेरित करने, छूटे हुए (Left-out) एवं "जीरो डोज" बच्चों की पहचान करने और VHSND/RI सत्र में लाभार्थियों को लाने में सहयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।महिलाओं को यह भी समझाया गया कि वे टीकाकरण से जुड़ी अफवाहों को दूर करें, माताओं को सही जानकारी दें और टीकाकरण कार्ड के अनुसार समय-समय पर फॉलो-अप करें। साथ ही, स्वास्थ्य, पोषण एवं स्वच्छता के बारे में भी जानकारी साझा करने पर जोर दिया गया।कार्यक्रम में उपस्थित लगभग 46 महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और गांव में टीकाकरण को बढ़ावा देने के लिए सहयोग करने का संकल्प लिया।निष्कर्षःइस ओरिएंटेशन के माध्यम से SHG महिलाओं को "स्वास्थ्य दूत" के रूप में तैयार किया गया, जिससे गांव में शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने में सहायता मिल पाए, उक्त गतिविधि में ग्राम संगठन के अध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी कटरे तथा कोषाध्यक्ष पुष्पा नेवार एवं अन्य समूह के अध्यक्ष भी उपस्थित रहे साथ ही संगीता गाते ANM तथा ग्राम के लोग भी उपस्थित रहे साथ ही उपस्थित सभी लोगों ने परियोजना की सराहना की।

### 5 कॉलोनाईजर पर 50-50 हजार रुपए एवं 11 कालोनाईजर पर 1-1 लाख रुपए का लगाया जुर्माना

# वारासिवनी एसडीएम ने 16 कालोनाईजर को कारण बताओ नोटिस जारी किया

### अवैध प्लाटिंग कर भूखंड विक्रय का मामला

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

वारासिवनी एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल ने नियम विरूद्ध अवैध प्लाटिंग कर भूखंड विक्रय किये जाने के मामले में 16 कालोनाईजर को कारण बताओ नोटिस जारी किया है कि क्यों न उनके द्वारा तैयार की जा रही कालोनी का प्रबंधन मध्यप्रदेश पंचायत राज्य एवं ग्राम स्वराज अधिनियम की धारा 61 एवं मध्यप्रदेश ग्राम पंचायत नियम 2014 के अंतर्गत सक्षम प्राधिकारी द्वारा ले लिया जाए। इन कालोनाईजर्स को 10 दिनों के भीतर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने कहा गया है।

एसडीएम जायसवाल ने इनमें से 05 कालोनाईजर पर 50-50 हजार रुपए एवं 11 कालोनाईजर पर 01-01 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है और 10 दिनों के भीतर यह राशि चालान के माध्यम से जमा कर एसडीएम कोर्ट में चालान की प्रति जमा करने कहा गया है। इन कालोनाईजर द्वारा छोटे-छोटे भूखंड विक्रय किये जाने पर तत्काल रोक लगायी गई है। तहसीलदार वारासिवनी एवं लालबर्रा को निर्देशित किया गया है कि इन कालोनाईजर्स द्वारा ग्राम वारा, गर्रा एवं कनकी में भूखंड विक्रय की जानकारी प्राप्ते होने पर तत्काल एसडीएम कोर्ट को सूचित करें।

अवैध रूप से प्लाटिंग कर भूखंड विक्रय करने के मामले में कालोनाईजर बालाघाट निवासी सौरभ पिता पारसमल कांकरिया, वारासिवनी निवासी सौरभ सुमन पिता ढालसिंह पटले, सन्देश मिश्रा वल्द श्री महेश्वर प्रसाद मिश्रा, आनंद सोनी वल्द इंद्रकुमार सोनी, बालाघाट निवासी गजेंद्र पिता महेन्द्र जैन, अनिल धुँवारे पिता शंकर लाल धुवारे एवं लालबर्रा तहसील के ग्राम डोंगरिया निवासी विनोद माहुले पिता चम्हारुलाल पर 50-50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। इन कालोनाईजर द्वारा वारासिवनी तहसील के ग्राम वारा एवं लालबर्रा तहसील के ग्राम डोंगरिया व कनकी में अवैध रूप से प्लाटिंग कर भूखंड विक्रय किये जा रहे थे।

इसी प्रकार कालोनाईजर बालाघाट निवासी अजय लुनिया पिता घिसूलाल जैन, आनंद मॉडल पिता सुभाषचंद, नोहर सिंह पिता टुंडीलाल, सुनील तिवारी पिता महेशप्रसाद तिवारी, सिद्धार्थ पिता संतोष जैसवाल, लालबर्रा तहसील के ग्राम गर्रा निवासी श्री ओमकार व करनलाल, बालाघाट निवासी महेन्द्र पिता कपुरचंद कोठारी,जय कुमार असाटी पिता राजकुमार असाटी, लालबर्रा निवासी कमल पटले पिता मंगलसिंह पटले, बालाघाट निवासी हरदीप गिल पिता गुरवचन सिंह, मनीष पिता सत्यनारायण सोनी, लालबर्रा निवासी विजय पिता शम्भूलाल, कमल पिता मंगलसिंह पटले एवं बालाघाट निवासी एसराज पिता चम्पालाल बड़रिया, राकेश पिता उमेशचंद व लालबर्रा निवासी शिवप्रसाद पिता लिखिराम पर अवैध रूप से प्लाटिंग कर भूखंड विक्रय करने के कारण 01-01 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। इन कालोनाईजर द्वारा लालबर्रा तहसील के ग्राम कनकी, डोंगरिया, गर्रा में अवैध प्लाटिंग कर भूखंड विक्रय किया जा रहा था।

इन सभी कालोनाईजर्स के भूखंड विक्रय पर एसडीएम श्री कार्तिकेय जायसवाल द्वारा रोक लगा दी गई है। इसके साथ ही इन कालोनाईजर्स को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है कि क्यों न उनके द्वारा तैयार की जा रही कालोनी का प्रबंधन सक्षम प्राधिकारी द्वारा ले लिया जाए। इन कालोनाईजर्स को 10 दिनों के भीतर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने कहा गया है।

### करवा रहे नदी नालों को छलनी, रॉयल्टी के नाम पर कर रहे अवैध वसूली, जवाबदार बने मूक दर्शक

# लालबर्रा क्षेत्र में जनप्रतिनिधि बने रेत माफिया





**हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।** लालबर्रा क्षेत्र मे माफियाओं का जाल बिछा हुआ है। लालबर्रा क्षेत्र के नदी नाले छलनी हो गए हैं। और सराठी नदी का अस्तित्व संकट में है। प्रतिदिन दिन दहाड़े रेत माफिया पनबिहरी स्टेडियम के पास गायघाट से लेकर मानपुर, अमोली आमा टोला गाडर,देवरीटोला, खिर्री से गुजरने वाली सराठी नदी से धपेरा नदी से व कंजई नदी से रेत का अवैध उत्खनन कर ट्रैक्टरों से भारी पैमाने पर परिवहन कर रहे है बावजूद कुछ एक कार्रवाई कर स्थानीय प्रशासन पल्ला झाड़ने का कार्य कर रहा है अगर जिला प्रशासन धरातल पर , छिंदलई, धपेरा ददिया की वैनगंगा नदी क्षेत्र के राजस्व व वन नालो का निरीक्षण किया जाए तो नदी नालों में सिर्फ गड्ढे ही गड्ढे नजर आएंगे सराठी नदी के अस्तित्व को बचाने के लिये ना विधायक प्रयास कर रही है और ना ही सांसद, जिला प्रशासन को अनेकों मर्तबा रेत के अवैध उत्खनन के संबंध में अवगत कराया गया लेकिन नतीजा जनता और बुद्धिजीवियों के सामने हैं। नदी नालों से रेत की चोरी दिनदहाड़े हो रही है और इसे रोकने वाला कोई नहीं।

**सराठी नदी से भारी पैमाने पर हो रहा रेत का अवैध उत्खननः** मानो जैसे जवाबदारों को सांप सूंघ गया हो. यह कहावत उन जिम्मेदार अधिकारियों पर चरितार्थ होती है जिन्हें खनिज संपदा की सुरक्षा का जिम्मा सोपा गया है लेकिन रेत का अवैध उत्खनन रुकने का नाम ही नहीं ले रहा है लालबर्रा क्षेत्र के पनबिहरी, मानपुर,अमोली आमाटोला गाडर ददिया देवरीटोला की सराठी नदी को रेत माफियाओ ने खोखला कर दिया है बावजूद स्थानीय प्रशासन शासन को हो रहे नुकसान को रोकने में कोई भूमिका नहीं निभा रहा है जिससे जिम्मेदारो की कार्य शैली पर गंभीर सवाल उठने शुरू हो गए जागरूक जनों का कहना है कि यह काला कारोबार ऐसे ही नहीं चल रहा है प्रशासन की सहमति के बगैर भारी पैमाने पर रेत का काला कारोबार कैसे फल फूल रहा है.? जिला प्रशासन लालबर्रा क्षेत्र के नदी नालों से हो रहे रेत के अवैध उत्खनन पर रोक लगाए।

**खादी हो रही दागदार ? रेत के अवैध उत्खनन से जुड़े तारः**लालबर्रा क्षेत्र मे रेत के काले कारोबार में सफेदपोसो का साम्राज्य स्थापित हो चुका है जो आम जनता से छुपा नहीं है खास बात तो यह की लालबर्रा क्षेत्र मे जनप्रतिनिधि रेत माफिया बन चुके हैं.? और शासन को नुकसान पहुंचा रहे हैं और इनके प्रभाव से काला कारोबार प्रशासन के नाक के नीचे पनप रहा है. पर इस पर अंकुश नहीं लगाया जा रहा है पर्यावरण प्रेमियों का कहना है कि जिस तरीके से लालबर्रा क्षेत्र में प्रवाहित होने वाले नदी व राजस्व नालों को रेत माफिया खोखला कर रहे हैं जिससे आने वाले दिनों में जनता को गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे जल संकट को टाला नहीं जा सकता प्रशासन नदी नाले के अस्तित्व को बचाने के लिए युद्ध स्तर पर अभियान चलाएं और रेत के अवैध उत्खनन को रोके।